BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 19 अक्टूबर, 2026 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

हनी की हत्या में संलिप्त बदमाश के साथ थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस व बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 16/17-10-2026 की रात्रि में अभियुक्तगण द्वारा एक युवक हनीसिंह को चाकू मारकर घायल कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 1068/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/131/352 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। जिसमें पुलिस टीमे गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।

दिनांक 18/19.10.2026 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बदनौरा कट पर चैकिंग की जा रही थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये, जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके, बाइक को तेजी से मोड़कर ईडन गार्डन की तरफ भागने का प्रयास करने लगे तभी कुछ दूरी पर अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान कुश उर्फ युग पुत्र परवेश कुमार निवासी मौहल्ला देवीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा मय कारतूस व बाइक बरामद हुई हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- कुश उर्फ युग पुत्र परवेश कुमार निवासी मौहल्ला देवीपुरा बाल्मीकि बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर

बरामदगी-

1- 01 अवैध तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस
2- 01 स्प्लेन्डर बाइक बिना नम्बर।

गिरफ्तार अभियुक्त कुश उर्फ युग का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 1068/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/131/352 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम-

1. श्री सुजीत कुमार उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2. उ0नि0 देवा सिंह, उ0नि0 अशोक कुमार, उ0नि0 अभिषेक कुमार, उ0नि0 शशिकांत गौतम, उ0नि0 हर्षित गर्ग, उ0नि0 कृष्ण कुमार गौतम
3. है0का0 हरवेन्द्र, का0 नीटू कुमार. का0 अरूण कुमार, का0 पुष्पेन्द्र कुमार, का0 जतिन कुमार, का0 पवन कुमार









मीडिया सेल बुलन्दशहर।